Nai Dunia (Indore), 02nd June 2024, Nai Dunia City, Page - IV

# शिक्षा और उद्योग के बीच सहयोग बढ़ाता आइआइटी




कार्यक्रम में उपस्थित डा. के सिवन, प्रो. सुहास एस जोशी व अन्य लोग। ● सौजन्य।

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आइआइटी) इंदौर में 31 मई को तीसरा उद्योग कनेक्ट कार्यक्रम सीएसआर और सीआइसी मीट 2024 आयोजित किया गया। इस दौरान कार्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी (सीएसआर) पहल में संवाद और सहयोग को बढ़ावा देने के लिए उद्योग लीडर्स, शिक्षाविद और समाजसेवियों को एक मंच प्रदान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आइआइटी इंदौर के शासी मंडल के अध्यक्ष डा. के सिवन और एसबीआइ के राज्य प्रमुख (मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़) सीएस शर्मा मौजूद थे।

इस मौके पर डा. के सिवन ने कहा कि कार्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व या सीएसआर महज अनुपालन और परोपकार से आगे बढ़कर सामाजिक नवाचार और विकास के लिए एक रणनीतिक उपकरण बन गया है। यह देख प्रसन्नता होती है कि आइआइटी इंदौर जैसे संस्थान समाज की भलाई के लिए शिक्षा जगत और उद्योग के बीच सहयोग को बढ़ावा देने वाले मंच बनाने में मुख्य भूमिका निभा रहे हैं। प्रयोगशालाओं में विकसित प्रौद्योगिकियों को आगे बढ़ाने तथा उन्हें सामाजिक उद्देश्यों के लिए उपयोगी बनाने में उद्योग महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस दौरान आइआइटी इंदौर के निदेशक प्रोफेसर सुहास एस जोशी, आइआइटी इंदौर के डीन (एसीआर) प्रो. सुमन मुखोपाध्याय व आइआइटी इंदौर के डीन (आरएंडडी) प्रो. आइए पलानी ने भी विचार रखे। संस्थान द्वारा सीएसआर साझेदारों को सीएसआर पुरस्कार 2024 दिए गए।